Title: Need to allocate 22.5% of Budgetary funds for the welfare of Scheduled Castes and Scheduled Tribes.

श्री रामदास आठवले (पंढरपुर) : अध्यक्ष महोदय, देश में गरीबी का प्रतिशत बढ़ता जा रहा है। सरकारी आंकड़े के मुताबिक 26 प्रतिशत लोग गरीबी रेखा से नीचे हैं और रिज़र्व बैंक के मुताबिक 25 प्रतिशत लोग गरीबी रेखा से नीचे हैं। मेरा सरकार से निवेदन है कि जब श्रीमती इंदिरा गांधी जी देश की प्रधान मंत्री थीं, तब उन्होंने शैड्यूल्ड कास्ट के लिए स्पेशल कंपोनेंट प्लान चालू किया था। ट्राईबल के लिए सब-प्लान चालू किया था और उसमें यह प्रोवीजन था कि जितनी पोपुलेशन शैड्यूल्ट कास्ट की है, प्रोजेक्ट में उतना प्रोवीजन होना चाहिए। इसलिए मेरी मांग है कि आने वाले बजट में शैड्यूल्ड कास्ट के लिए 15 प्रतिशत और ट्राईबल के लिए 17.5 प्रतिशत बजट में प्रोवीजन करना चाहिए और प्लानिंग कमीशन के लिए इसी तरह की गाइडलाइन्स देकर स्टेट का बजट जब मंजूर करते हैं तो उसमें स्टेट में भी शैड्यूल्ड कास्ट और शैड्यूल्ड ट्राईब्स की पोपुलेशन के मुताबिक बजट में प्रोवीजन करना चाहिए तभी देश से गरीबी हट सकती है, यही मेरी सरकार से मांग है।

MR. SPEAKER: No more trouble today.